# ध्येय पथ
## नवम्बर–2019

### महाविद्यालय में रक्तदान शिविर कार्यक्रम

01 नवम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम में महाविद्यालय के 101 छात्र, छात्राओं तथा शिक्षकों ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम में डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. सुबोध कुमार मिश्र, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. प्रज्ञेश मिश्र, डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ. सौरभ सिंह, श्री रविप्रताप नागवंशी, श्री सर्वेश्वर कान्त चन्द्रा, सत्यप्रकाश तिवारी ने विशेष सहयोग दिया।



### गुरु गोविन्द सिंह पुण्यतिथि

01 नवम्बर को प्रार्थना सभा में गुरु गोविन्द सिंह पुण्यतिथि के अवसर पर कम्प्यूटर सांइस विभाग के प्रवक्ता डॉ. विरेन्द्र तिवारी ने गुरू गोविन्द सिंह के बलिदान के विषय में विचार प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किया।




### वासुदेव बलवन्त फड़के जयन्ती

04 नवम्बर को प्रार्थना सभा में वासुदेव बलवन्त फड़के जयन्ती के अवसर पर रसायनशास्त्र विभाग की प्रवक्ता श्रीमती प्रियंका मिश्र ने विचार प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किया।




### मनोविज्ञान विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला–

4 नवम्बर को मनोविज्ञान विभाग द्वारा 'संस्कृति और व्यवहार' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रुप में बलिराम भगत महाविद्यालय समस्तीपुर बिहार के मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ. सुनील कुमार मिश्र ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यशाला की अध्यक्षता डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र तथा संचालन मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. वेंकट रमन पाण्डेय ने किया।



## शिक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान



05 नवम्बर को मिशन मंझरिया के अन्तर्गत महाविद्यालय के बी.एड. विभाग द्वारा जारी आदर्श गाँव योजनान्तर्गत शिक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें बी.एड. द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक व छात्राध्यापकों द्वारा गाँव में घर–घर जाकर ग्रामवासियों को शिक्षा के महत्व व स्वास्थ्य हेतु जागरूक किया गया।

## बी.एड. विभाग में शैक्षिक प्रदर्शनी



07 नवम्बर को बी.एड. विभाग द्वारा शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी का उद्‌घाटन प्रो. सुषमा पाण्डेय शिक्षाशास्त्र विभाग दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में अम्लीय वर्षा, चन्द्रयान–02, प्लास्टिक, मुक्त पर्यावरण, बेटी–बचाओं बेटी पढ़ाओं, बालश्रम आदि विषयों पर चार्ट एवं मॉडल प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन महाराणा प्रताप बालिका विद्यालय प्राधानाचार्य सुश्री कृष्णा चटर्जी द्वारा भी किया गया। शैक्षिक प्रदर्शनी का संयोजन सुश्री दीप्ति गुप्ता तथा सहसंयोजन श्रीमती विभा सिंह ने किया। शैक्षिक प्रदर्शनी में महाविद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विपिन चन्द्र पाल, डॉ. सी. वी. रमन व कालिदास जयन्ती




07 नवम्बर को प्रार्थना सभा में विपिन चन्द्र पाल, डॉ. सी. वी. रमन व कालीदास जयन्ती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भौतिक विज्ञान विभाग की प्रभारी श्रीमती मनीता सिंह ने उद्‌बोधन प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की।

## समाजशास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्यान




7 नवम्बर को समाजशास्त्र विभाग में 'सामाजिक परिस्थितिकी विषय पर आयोजित अतिथि व्याख्यान में अतिथि के रुप में नेशनल पी.जी. कालेज बड़हलगंज के समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मनीष कुमार पाण्डेय ने उद्‌बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग के प्रवक्ता श्री बृज भूषण लाल तथा आाभार ज्ञापन समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सामूहिक व्यक्तित्व विकास कार्यशाला




08 नवम्बर को प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव की अध्यक्षता में महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा गोद लिए गये विद्यार्थियों की सामूहिक व्यक्तित्व विकास हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छात्रों के पठन–पाठन से सम्बन्धित समस्याओं पर बातचीत की गई। कार्यशाला में समस्त शिक्षक व गोद लिए गये विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मिशन मंझरिया के अन्तर्गत पौधारोपण



14 नवम्बर को मिशन मंझरिया के अन्तर्गत बी. एड. विभाग के सहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रो. दिनेश कुमार सिंह द्वारा गाँव के गृहस्वामियों का 101 मौलश्री के पौधे दिये गये। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव, बी.एड. विभाग के शिक्षक तथा छात्राध्यापक व छात्राध्यापकाएँ उपस्थित रहें।

## मिशन मंझरिया के अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर



14 नवम्बर को बी.एड. विभाग द्वारा जारी मिशन मंझरिया में अमर उजाला के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सामुदायिक केंद्र चरगाँवा के प्रभारी चिकित्सक डॉ. अमरनाथ तिवारी और फार्मासिस्ट डॉ. मनीष कुमार अग्रहरी ने ग्रामवासियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया इस कार्य में महाविद्यालय के बी. एड. विभाग के शिक्षकों के नेतृत्व में बी. एड. प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक व छात्राध्यापिकों ने सहयोग किया।

## आचार्य विनोबा भावे जयन्ती



15 नवम्बर को प्रार्थना सभा में आचार्य विनोबा भावे की जयन्ती के अवसर पर वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रवक्ता सुश्री आम्रपाली वर्मा ने विचार प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## रसायन विज्ञान विभाग में विशिष्ट व्याख्यान




16 नवम्बर को रसायन विज्ञान विभाग में 'नैनों में सिमटती दुनिया' विषय में आयोजित व्याख्यान में सेन्ट ऐण्ड्रयूज कॉलेज गोरखपुर के एसोसिएट प्रो. डॉ. राशिद तनवीर ने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रामसहाय तथा आभार ज्ञापन रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शिव कुमार बर्नवाल ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## लाला लाजपत राय बलिदान दिवस एवं प्रेस दिवस




16 नवम्बर को महाविद्यालय में लाला लाजपत राय बलिदान दिवस एवं प्रेस दिवस के पूर्व दिवस पर प्रार्थना सभा में आयोजित व्याख्यान में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने उद्‌बोधन प्रस्तुत किया।

## एक दिवसीय कार्यशाला




17 नवम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 'सामाजिक समरसता एवं संविधान' विषय पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला में प्राणि विज्ञान विभाग के प्रवक्ता श्री विनय कुमार सिंह ने विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सौरभ कुमार सिंह तथा श्रीमती किरन सिंह एवं स्वयंसेवक तथा स्वयसेविकाएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती किरन सिंह ने किया।

## भाषण प्रतियोगिता




17 नवम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 'सामाजिक समरसता एवं संविधान विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 20 स्वयंसेवक तथा स्वयंसेविकाओ ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान प्रकाश पाण्डेय (बी.ए. द्वितीय वर्ष) द्वितीय स्थान सर्वेश्वर कान्त चन्द्रा (बी.ए. द्वितीय वर्ष) तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से दीपचन्द (बी. ए. प्रथम वर्ष) तथा रितेश कुमार (बी.काम द्वितीय वर्ष) एवं सत्य प्रकाश तिवारी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सौरभ कुमार सिंह तथा श्रीमती किरन सिंह ने शुभकामना दी।

## अंग्रेजी विभाग में अतिथि व्याख्यान

18 नवम्बर को अंग्रेजी विभाग में 'ओरिजन ऑफ ड्रामा' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अनुग्रह तिवारी एसोसिएट प्रो. सेण्ट एण्ड्रयूज डिग्री कॉलेज ने इस विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र सर्वेश्वर तिवारी तथा आभार ज्ञापन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष श्रीमती कविता मध्यान ने किया।




## शिक्षाशास्त्र विभाग में व्याख्यान प्रतियोगिता

18 नवम्बर को शिक्षाशास्त्र विभाग में आयोजित प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने वुड का घोषणा पत्र, शिक्षा में समाज की भूमिका, विद्यालय की भूमिका आदि विषयों पर व्याख्यान दिया। प्रतियोगिता में अभिषेक सिंह प्रथम स्थान, मुस्कान सिंह द्वितीय स्थान तथा साधना मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में बी.एड. विभागाध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह, प्रवक्ता सुश्री रचना सिंह तथा नवनीत सिंह रहे। प्रतियोगिता में कुल 47 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।




## भूगोल विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला

18 नवम्बर को भूगोल विभाग में बढ़ती 'जनसंख्या का संसाधनों पर दबाव और पर्यावरण' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में बापू पी.जी. कॉलेज पीपीगंज गोरखपुर के भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर ने व्याख्यान प्रस्तुत किया कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग के प्रवक्ता डॉ. अजय कुमार निषाद तथा संचालन डॉ. प्रवीन्द्र कुमार शाही ने किया।



## महाविद्यालय के वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम

### हिन्दी भाषण प्रतियोगिता

18 से 25 नवम्बर तक चलने वाले वार्षिक महोत्सव ''तीन तलाक से अभिशप्त नारी मोदी युग से मुक्त'' विषय पर हिन्दी भाषण प्रतियोगिता से हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 35 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें श्री सत्यप्रकाश तिवारी बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, प्रकाश पाण्डेय बी.ए. द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान एवं श्री माधवेन्द्र पति (बी.एड. प्रथम वर्ष) त्रिपाठी ने तृतीय स्थान तथा सांत्वना पुरस्कार कुंवर शिवम सिंह बी.एस–सी. प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. आरती सिंह डॉ. सुधा शुक्ला तथा डॉ. अनुभा श्रीवास्तव रही।



## मेंहदी प्रतियोगिता



18 नवम्बर को मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा सिंह बी.एड प्रथम वर्ष, अम्बिका शर्मा बी.एड. प्रथम वर्ष तथा राखी रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संयोजन बी.एड् प्रवक्ता सुश्री दीप्ति गुप्ता सुश्री रचना सिंह तथा श्रीमती विभा सिंह ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. अपूर्वा त्रिपाठी तथा श्रीमती नूपुर शर्मा रही।

## गायन प्रतियोगिता




18 नवम्बर को गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 38 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चन्दन तिवारी (बी.ए. द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान पर अर्पिता त्रिपाठी (बी. ए. प्रथम वर्ष) तथा तृतीय स्थान पर शशिकला पटेल रही। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता तथा डॉ. राहुल मिश्रा रहे कार्यक्रम का संयोजन सुश्री दीप्ति गुप्ता तथा श्रीमती विभा सिंह ने किया।

## गोरखवाणी प्रतियोगिता




19 नवम्बर को महाविद्यालय में वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत गोरखवाणी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने गोरखवाणी शब्दों का भावार्थ सहित वाचन किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्वेता गौड़ बी.ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर प्रकाश पाण्डेय बी.ए. द्वितीय वर्ष, तृतीय स्थान संयुक्त रूप से अर्पिता त्रिपाठी बी.ए. प्रथम वर्ष एवं चन्दन तिवारी बी.ए. द्वितीय वर्ष को और सांत्वना पुरस्कार ज्योत्सना डेविड बी.ए. प्रथम वर्ष को दिया गया। कुल 20 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन और संयोजक सुश्री दीप्ति गुप्ता ने किया। निर्णायक मण्डल में श्री नवनीत कुमार सिंह, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव तथा श्रीमती विभा सिंह रही।

## आशुभाषण प्रतियोगिता



19 नवम्बर को महाविद्यालय में वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 30 विद्यार्थियो मे प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान सत्य प्रकाश तिवारी बी.ए. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान सर्वेश्वर कांत चन्द्रा बी.ए. द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान प्रकाश पाण्डेय बी.ए. द्वितीय वर्ष को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ. कृष्ण कुमार पाठक ने किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र, श्री सुबोध कुमार मिश्र एवं श्री संजय जायसवाल रहे।

## रानी लक्ष्मीबाई जयन्ती



19 नवम्बर को रानी लक्ष्मीबाई जयन्ती के अवसर पर प्रार्थना सभा में आयोजित कार्यक्रम में '1857 ई. के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में लक्ष्मीबाई के योगदान' विषय पर हिन्दी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने उद्बोधन प्रस्तुत कर वीरांगना लक्ष्मीबाई को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता




20 नवम्बर को महाविद्यालय में वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत अंग्रेजी विभाग द्वारा ''हिस्ट्री वॉज री–रिटेन बाइ मोदी गर्वनमेंट आफ्टर रेसिसन ऑफ आर्टिकल 370 एण्ड 35ए'' विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 38 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान प्रिया दूबे बी.एस–सी. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान संदीप कुमार तिवारी बी. एस–सी. तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान सर्वेश्वर कान्त चन्द्रा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. कविता मध्यान ने किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. अभय श्रीवास्तव, डॉ. कृष्ण कुमार एवं श्री नन्दन शर्मा रहे।

## उदीयमान कवि गोष्ठी प्रतियोगिता




20 नवम्बर को महाविद्यालय में वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत उदीयमान कवि गोष्ठी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 28 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान प्रकाश पाण्डेय बी.ए. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर माधवेन्द्र पति त्रिपाठी बी.एड प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान पर माधुरी उपाध्याय बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री दीप्ति गुप्ता ने किया तथा निर्णायक मण्डल में डॉ. आरती सिंह, श्रीमती पुष्पा निषाद और डॉ. राजेश शुक्ला रहे।

## प्रश्न मंच प्रतियोगिता



20 नवम्बर को महाविद्यालय में वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चार–चार विद्यार्थियों की कुल तेरह टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बी.ए. भाग दो के सर्वेश्वर कान्त चन्द्रा, सत्यप्रकाश तिवारी, शरद दूबे एवं आलोक कुमार प्रथम स्थान पर, बी.एस–सी. भाग तीन के विवेक कुमार कुशवाहा, सत्यप्रकाश पाठक, कृष्ण कुमार सिंह तथा संदीप कुमार तिवारी, द्वितीय स्थान पर एवं बी. ए. भाग तीन के सौरभ कुमार सिंह तथा बी. ए. भाग एक के विकास चौधरी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे, कार्यक्रम के आयोजन समिति के सदस्य डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र, डॉ. अभिषेक सिंह एवं सुबोध कुमार मिश्र ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी।

## बी.एड. विभाग में अतिथि व्याख्यान



20 नवम्बर को बी.एड. विभाग द्वारा 'शिक्षा मनोविज्ञान में सांख्यिकी की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित अतिथि व्याख्यान में वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता डॉ. सुभाष गुप्ता ने उद्‌बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती साधना सिंह तथा आभार ज्ञापन श्री नवनीत सिंह ने किया।

## कम्प्यूटर प्रश्न मंच प्रतियोगिता

20 नवम्बर को वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत कम्प्यूटर प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 57 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान प्रशांत राय बी.एस–सी. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान अम्बुज पाण्डेय बी.एस–सी. तृतीय वर्ष ने, तृतीय स्थान सुमन्त (बी.एस–सी. तृतीय वर्ष), तथा सत्यम सिंह बी.एस–सी. तृतीय वर्ष ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संयोजन कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष श्री विरेन्द्र तिवारी तथा प्रवक्ता श्री हरविन्द सिंह ने किया।



## फूड विदाउट फायर प्रतियोगिता



21 नवम्बर को फूड विदाउट फायर प्रतियोगिता में 12 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों को दो–दो टीमों में बांटा गया जिसमें प्रथम स्थान निष्ठा और राबिया (एम. ए. प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान शशि बाला और श्वेता (बी.एड. प्रथम वर्ष) तथा तृतीय स्थान तुलसी, रितिमा और सीमा और साधना (बी. एड. द्वितीय वर्ष) को संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में श्रीमती पुष्पा निषाद तथा श्रीमती साधना सिंह रही।

## हस्तकला प्रतियोगिता

21 नवम्बर को वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत हस्तकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत हाथ से बने हुए वॉल हैंगिग, पेन पॉट आइसक्रीम स्टीक से बने मॉडलों का प्रदर्शन प्रतिभागियों द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राबिया (बी. ए. प्रथम) द्वितीय स्थान निष्ठा (एम. ए. प्रथम वर्ष) और तृतीय स्थान सीमा (बी.एड. द्वितीय वर्ष) को प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में श्रीमती कविता मध्यान, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव तथा सुश्री रचना सिंह रही।



## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता




22 नवम्बर को वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 73 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें बी. ए. तृतीय वर्ष के छात्र सौरभ ओझा प्रथम, बी. एड. प्रथम वर्ष के माधवेन्द्र पति त्रिपाठी द्वितीय तथा बी. एड. प्रथम वर्ष के छात्र देवेन्द्र कुमार और बी. ए. प्रथम वर्ष के छात्र अमीर कुमार यादव ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संयोजन प्रवक्ता डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र, डॉ. अभिषेक सिंह तथा श्री सुबोध कुमार मिश्र ने किया।

## हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता



22 नवम्बर को वार्षिक महोत्सव के तत्वावधान में हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता 'अनुच्छेद 370 की समाप्ति एवं जम्मू कश्मीर की वर्तमान स्थिति' विषय पर आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 42 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसने प्रथम स्थान माधवेन्द्र पति त्रिपाठी (बी. एड. प्रथम वर्ष) द्वितीय स्थान अश्वनी कुमार (बी. एड. प्रथम वर्ष) एवं तृतीय स्थान संयुक्त रूप से हर्षा गुप्ता व वंशिका तिवारी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती विभा सिंह ने किया।

## वीरांगना झलकारी बाई जयंती



22 नवम्बर को प्रार्थना सभा में वीरांगना झलकारी बाई के जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता ने झलकारी बाई के बलिदान की गौरवगाथा को प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की।

## वॉलीबाल प्रतियोगिता



23 नवम्बर को महाविद्यालय में वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत वालीबॉल छात्र वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय, कला संकाय तथा वाणिज्य संकाय की टीम ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का निर्णायक मैच वाणिज्य संकाय तथा विज्ञान संकाय के बीच खेला गया। जिसमें विज्ञान संकाय की टीम ने वाणिज्य संकाय की टीम को 25–20, 25–27 से पराजित कर विजेता घोषित हुई। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. यशवन्त कुमार राव ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

## गृह विज्ञान विभाग में अतिथि व्याख्यान

23 नवम्बर को गृह विज्ञान विभाग में ''प्रसार शिक्षा में शिक्षण पद्धतियाँ'' विषय पर आयोजित अतिथि व्याख्यान में मुख्य वक्ता नवल्स पी. जी. कालेज कुसम्ही, गोरखपुर की प्रवक्ता श्रीमती वन्दना शुक्ला ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन गृह विज्ञान की अध्यक्ष श्रीमती किरन सिंह ने दिया।



## बी. एड्. विभाग में भजन कार्यक्रम

23 नवम्बर को बी. एड्. विभाग द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के प्रिय भजन ''रघुपति राघव राजा राम'' का आयोजन किया गया तथा बी.एड. प्रथम वर्ष के छात्राध्यापक माधवेन्द्र पति त्रिपाठी ने 'गाँधी जी की शैक्षिक विचार धारा'' पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बी.एड्. प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक व छात्राध्यापिकाएँ तथा शिक्षक उपस्थित रहे।




## योग कार्यशाला

23 नवम्बर को बी.एड. विभाग में योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री श्री स्कूल ऑफ योग की योग प्रशिक्षिका नेहा पटेल द्वारा प्राणायाम ध्यान, आसन की कुछ क्रियाएँ कराई गई। योग कार्यशाला में बी.एड. प्रथम व द्वितीय वर्ष के कुल 48 छात्राध्यापक व छात्राध्यापिका व शिक्षक उपस्थित रहे।



## औचक निरीक्षण

23 नवम्बर को महाविद्यालय में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की निरीक्षण टीम के सदस्य श्री प्रमथनाथ मिश्र तथा श्री राजेन्द्र भारती सिंह द्वारा पठन–पाठन, स्वच्छता, रखरखाव आदि का औचक निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण टीम द्वारा इन सभी विषयों पर शिक्षकों के साथ बैठक करके सुझाव दिये गये।



## कबड्डी प्रतियोगिता

24 नवम्बर को वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत 'कबड्डी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। छात्रा कबड्डी प्रतियोगिता बी.एड्. विभाग तथा कला संकाय के छात्राओं के मध्य हुआ जिसमें बी.एड्. विभाग ने कला संकाय को 23–12, 20–07 से पराजित किया। इसी प्रकार छात्रों की कबड्डी प्रतियोगिता का निर्णायक मैच कला संकाय तथा विज्ञान संकाय के मध्य खेला गया जिसमें कला संकाय ने विज्ञान संकाय को 24–7, 22–12 से पराजित किया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. यशवन्त कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी।



## वाद–विवाद प्रतियोगिता




26 नवम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में संविधान दिवस के अवसर पर 'भारतीय संविधान के सामाजिक न्याय' विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'भारतीय संविधान में सामाजिक न्याय' के विपक्ष में अपना विचार रखने में प्रथम स्थान सत्यप्रकाश तिवारी, द्वितीय स्थान दुर्गेश पाल एवं तृतीय स्थान रितेश सिंह तथा पक्ष में प्रथम स्थान प्रकाश पाण्डेय द्वितीय स्थान आलोक कुमार तथा तृतीय स्थान सर्वेश्वर कान्त चन्द्रा को प्राप्त हुआ। निर्णायक मण्डल में इतिहास विभाग प्रभारी डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह एवं स्त्रातजिक एवं रक्षा अध्ययन विभाग के प्रवक्ता रमाकान्त दूबे रहे।

## जिला स्तरीय पंचायत पार्लियामेंण्ट में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का सहभाग




27 नवम्बर को ग्राम विकास संस्थान चरगाँवा में जिला स्तरीय ग्राम संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज्य संस्थाओं को भारतीय संविधान के अनुसार 'अपनी सरकार' के रूप में विकसित करने की आवश्यकता और उपायो पर इसकी पहचान करने के लिए वयस्क नागरिकों के बीच संवाद स्थापित करना है तथा संवाद से निकलने वाले निष्कर्षो के आधार पर संघ एवं राज्य सरकार को सुझाव देना है। इस कार्य में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों सहित विभिन्न ब्लाकों के चयनित पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायतमें पंचायत सदस्यो के प्रशिक्षण, आर्थिक विकास कार्य, कौशल विकास, जल व ऊर्जा संरक्षण और महिलाओं एवं वंचित वर्ग मुद्दो को ग्राम पंचायत विकास योजना में शामिल करने हेतु सुझाव दिये गये।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में निबन्ध प्रतियोगिता



28 नवम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'जातिवाद राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 15 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें विशाल कुमार यादव (बी. ए. प्रथम वर्ष) ने द्वितीय पुरस्कार खुशबू सिंह ( बी. ए. तृतीय वर्ष) ने तृतीय पुरस्कार तथा दुर्गेश पाल (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संयोजन राष्ट्रीय राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. सौरभ सिंह तथा श्रीमती किरन सिंह ने किया।

## महात्मा ज्योतिबा फूले पुण्यतिथि




28 नवम्बर को प्रार्थना सभा में महात्मा ज्योतिबा फूले पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गणित विभाग की प्रवक्ता डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव ने 'महात्मा ज्योतिबा फूले का समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की।

## राजनीतिशास्त्र विभाग में श्रव्य–दृश्य तकनीकी के द्वारा व्याख्यान




29 नवम्बर को राजनीतिशास्त्र विभाग के तत्वावधान में ''राज्यपाल की संवैधानिक एवं व्यवहारिक स्थिति'' विषय पर श्रव्य–दृश्य तकनीकी से व्याख्यान आयोजित किया गया। राजनीतिशास्त्र विभाग के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## डॉ. जगदीश चन्द बोस जयन्ती



30 नवम्बर को महाविद्यालय में प्रार्थना सभा में डॉ. जगदीश चन्द्र बोस जयन्ती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश शुक्ला ने डॉ. जगदीश चन्द्र बोस के जीवन एवं व्यक्तित्व पर उद्बोधन प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बी. एड. विभाग में विशिष्ट व्याख्यान




30 नवम्बर को बी.एड्. विभाग में 'महात्मा गांधी के शिक्षा–दर्शन' पर राजनीतिशास्त्र विभाग के प्रवक्ता डॉ. यशवन्त राव ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर छात्राध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## गृह विज्ञान विभाग में अतिथि व्याख्यान



30 नवम्बर को गृह विज्ञान विभाग में आयोजित अतिथि व्याख्यान में 'बच्चों में सीखने की प्रक्रिया' विषय पर नेशनल पी. जी. कालेज बड़हलगंज की प्रवक्ता डॉ. अर्चना दूबे ने अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष श्रीमती किरन सिंह तथा आभार ज्ञापन सुश्री सुनिधि गुप्ता ने किया।

## साप्ताहिक योगाभ्यास कार्यक्रम



प्रत्येक माह की भाँति नवम्बर माह में भी प्रत्येक शनिवार साप्ताहिक योगाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ. राजेश शुक्ल ने कपालभाति, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी, मण्डुकासन, भुजंगासन आदि का अभ्यास कराया गया। योग में शिक्षक, विद्यार्थी व कर्मचारी उपस्थित रहे।